## खबर संक्षेप

### आई.टी.आई. में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आज

**छिंदवाड़ा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिन्दवाड़ा में 07 जुलाई 2025 को मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा एफटीसी के लिये आईटीआई उत्तीर्ण केवल पुरूष प्रशिक्षणार्थियों के लिये प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। शासकीय आईटीआई छिंदवाड़ा के नोडल प्राचार्य ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिन्दवाड़ा में 07 जुलाई 2025 को मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा एफटीसी के लिये आईटीआई उत्तीर्ण केवल पुरूष प्रशिक्षणार्थियों के लिये आई.टी.आई. पास फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, ग्राइंडर, वेल्डर, ट्रेक्टर मैकेनिक आदि के लिये केवल पुरूष प्रशिक्षणार्थी जिनकी उम्र 18 से 26 वर्ष हो भाग ले सकते हैं। चयनित प्रशिक्षणार्थी का जॉब लोकेशन खरखोड़ा हरियाणा रहेगा तथा वेतनमान 28000 रूपये प्रति माह रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी प्रातः 10 बजे तक अपने सभी दस्तावेजों की फोटोकॉपी के साथ निर्धारित संस्था में उपस्थित हो सकते हैं।

### जिले में अभी तक 276.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 276.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 231.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 06 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 38.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 06 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 30.2, मोहखेड़ में 26.3, तामिया में 72, अमरवाड़ा में 15.2, चौरई में 04, हर्रई में 31, बिछुआ में 9.4, परासिया में 64, जुन्नारदेव में 118.4, चांद में 18 और उमरेठ में 31.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 238.8, मोहखेड़ 283.7, तामिया में 262, अमरवाड़ा में 353.8, चौरई में 178.2, हर्रई में 424.8, बिछुआ में 148.8, परासिया में 220, जुन्नारदेव में 352, चांद में 218.1 और उमरेठ में 344.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## पंचायत के भ्रष्टाचार पर कार्रवाई होने तक हरिभूमि की मुहिम रहेगी जारी

# तामिया पंचायत सचिव ने शौचालय की स्वीकृत राशि में बना दिया पेशाबघर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया, बाबा ठाकुर



मुख्यालय ग्राम पंचायत में इन दिनों भ्रष्टाचार की गंगा बह रही है जिसमें सचिव इस भ्रष्टाचार की गंगा के भागीरथ साबित हो रहे हैं और वह मनमाने तरीके से पंचायत के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों में शासकीय धन की जमकर लूटपाट मचाए हुए हैं। इसी फर्जी बाडे एवं भ्रष्टाचार को हरिभूमि सतत समाचार सचित्र प्रकाशित कर रहा है। लेकिन सचिव के रसूख के आगे जनपद से लेकर जिला पंचायत तक के अधिकारी मौन रहने में ही शायद भला समझ रहे हैं क्योंकि इनके खिलाफ जांच की कोई करवाई तो दूर की बात सोचने को भी राजी नहीं है। इसी तरह उनका एक गंभीर मामला हरिभूमि की पड़ताल के बाद सामने आया है कि तामिया के साप्ताहिक बाजार में पंचायत द्वारा सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति दो लाख पैतीस हजार पहली बार निर्माण की दीवार पर राशि पढ़ने मिली। इस सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य में सबसे बड़ी विसंगति यह है कि इस निर्माण कार्य को देखकर लगता है कि 5000 ईट एक ट्रॉली रेत 20 बोरी सीमेंट एवं चंद पेटी टाइल्स लगाकर इसे पूर्ण कर दिया गया। मगर इसमें सबसे हैरत करने वाली बात यह सामने आ रही है कि सामुदायिक शौचालय निर्माण के नाम पर सचिव ने पेशाब घर को शौचालय का दर्जा दे दिया और इसकी राशि पूरी निकाल डाली जबकि वर्तमान निर्माण कार्य में बगैर स्लेब के कोई छोटे-मोटे काम भी नहीं हो रहे है, लेकिन इन महोदय ने पारदर्शी 10 सीट लगाकर शौचालय का दर्जा दे दिया। जबकि शौचालय का मूल उद्देश्य है कि उसमें शौच करने के लिए लैट्रिन सीट एवं छत के ऊपर पानी की टंकी होनी चाहिए जिसमें शौच के बाद पानी डाल सके। लेकिन जब पारदर्शी सीट होगी तो टंकी रखना संभव नहीं है।

इस तरह तामिया सचिव का एक प्रमाणित भ्रष्टाचार शौचालय के नाम पर पेशाब घर बनाने का सामने आया है, उस पर सचिव को तुर्रा उन्होंने बकायदा दीवार पर शौचालय का नाम लिखकर लागत स्वीकृति वर्ष लिखने में भी संकोच नहीं किया क्योंकि उन्हें भली भांति ज्ञान है कि कोई भी अधिकारी उनके खिलाफ शायद कार्रवाई करने में अपने आप को सक्षम नहीं पा रहा है। इस बलबूते पर ब्लॉक कॉलोनी के शौचालय को पर्यटन की बिल्डिंग के सेप्टिक टैंक पर बना डाला। इस तरह तामिया सचिव शौचालय जैसे निर्माण में भ्रष्टाचार के माध्यम से पैसा कमाना जानते है। कम से कम शौचालय के नाम पर पेशाब घर बनाए जाने पर तो यही सिद्ध होता है।

## मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मनाया मातमी पर्व मोहर्रम

# कर्बला मैदान पहुंचे ताजिए, जमकर नाचे मन्नत के शेर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

मातमी पर्व मुहर्रम के अवसर पर नगर के मुस्लिम धर्म द्वारा ताजिया निकल गए जो नगर भ्रमण करते हुए कर्बला मैदान पहुंचे जहां पर मुस्लिम समुदाय सहित अन्य धर्म के लोगों ने पूजन अर्चन किया। कर्बला मैदान पर मन्नत के शेर जमकर नाचे जहां एक दर्जन से अधिक शेरों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया वही कर्बला मैदान पर स्थानीय अखाड़े का प्रदर्शन भी देखने को मिला जहां पर अखाड़े ने भी अपने करतब दिखाये देर शाम तक कर्बला मैदान पर लोगों का हम लग रहा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों सहित क्षेत्र के अन्य हसन से आए लोगों ने कर्बला मैदान पहुंचकर ताजिए में इबादत की। मौका स्थल पर स्थानीय प्रशासन सहित जुन्नारदेव थाना प्रभारी राकेश बघेल एवं पुलिस बल मौजूद रहा। जामा मस्जिद गरीब नवाज अहले सुन्नत वल जमात कमेटी ने आभार व्यक्त किया।

# आराध्या और फाल्गुनी का राज्य कुश्ती खेल अकादमी के लिए चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

मध्यप्रदेश राज्य कुश्ती अकादमी प्रवेश हेतु चयन प्रक्रिया जबलपुर के रानीताल स्टेडियम में 6 जून को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित की गयी थी जिसके बारे में युवा समन्वयक विभा तारन ने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में जुन्नारदेव विकासखंड की कुमारी आराध्या जगदीश धुर्वे एवं कुमारी फाल्गुनी अनिल पाटिल ने भाग लिया जिसमें दोनों ने ही शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय चरण जो कि आगामी 09 जुलाई को तात्या-टोपे स्टेडियम भोपाल में आयोजित होना है के लिए जगह सुनिश्चित कर ली है बालिकाओं के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन व आगामी प्रतियोगिता में सफलता के लिए जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी कृष्णकुमार चौरसिया , ब्लॉक समन्वयक विभा तारन एवं खेल विभाग के समस्त स्टाफ़ तथा जुन्नारदेव के खेल प्रेमियों ने शुभकामनायें प्रेषित कीं।

### ओबीसी महासभा की बैठक संपन्न

**छिंदवाड़ा।** ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष लोधी विपिन वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि स्थानीय इंडियन कॉफी हाउस में ओबीसी महासभा एवं जय भीम सेना की संयुक्त बैठक आयोजित कर मध्य प्रदेश में 13 प्रतिशत होल्ड हटाकर जल्द ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थी को नियुक्ति प्रदान किए जाने एवं 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किए जाने को लेकर दिनांक 10 जुलाई दिन गुरुवार को स्थानीय अंबेडकर तिराह से दोपहर 12 बजे विशाल रैली के माध्यम से विरोध प्रदर्शन करते हुए कलेक्टेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा । सभी साथियों, अभ्यर्थियों एवं सामाजिक संगठन के द्वारा अधिक से अधिक जनसंख्या में शामिल होने की अपील की गई है । इस अवसर पर भीम सेना जिला अध्यक्ष शिवम पहाड़े, नंदकिशोर यादव, अल्केश कुशवाहा, अंशुल कुमार साहू मौजूद रहे।

# आषाढ़ी एकादशी पर हुआ विट्ठल मंदिर में आयोजन

## जिला भाजपा अध्यक्ष ने किया अभिषेक, महिलाओं ने गाए भजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



रविवार को आषाढी एकादशी पर्व के अवसर पर सौसर नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ में महाप्रसाद का भी वितरण किया गया।प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विठत मंदीर सौसर में देवशयनी आषाढी एकादशी महोत्सव दिन भर धार्मिक आयोजनों के साथ में मनाया गया।

इस दौरान बड़ी संख्या में नगर वासियों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में विठ्ठल भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर आषाढी एकादशी पर भगवान विठ्ठल रुक्माई की पूजा अर्चना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। आषाढी एकादशी पर सुबह 5 बजे पूजन अभिषेक यजमान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप श्रीमती मोहड़ अभिषेक पूजा अर्चना करते हुए विधिवत महोत्सव का शुभारंभ किया। श्री संत गाडगे महाराज भजन मंडल द्वारा हरीभजन,ओर दोपहर में श्री गुरुकृपा संगीत विद्यालय सौसर द्वारा अभंगवाणी भक्ति में गीतों की प्रस्तुतियां देकर ईश्वर का गुंनगान किया। आयोजन के दौरान विठ्ठल मंदिर परिसर में आए हुए भक्तों को गोलू लोणारे की स्मृति में मारुति लोणारे कीओर से फरारी खिचडी वितरन किया गया।कार्यक्रम में विजय चौरे,पूर्व मंत्री नाना मोहोड,सौसर नपा अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मण चाके, सौसर भाजपा मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।विठ्ठल मंदिर ट्रस्ट कमेटी सौसर अध्यक्ष सोनभा झाडे ने बताया कि आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में सर्वोत्तम नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भगवान विठ्ठल रुखमाई के भक्तों ने मंदिर पहुंचकर कार्यक्रम एवं महाप्रसाद का पुण्य लाभ लिया।

### राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय में शोध पद्धति पर राष्ट्रीय सेमिनार

**छिंदवाड़ा:** राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा शोध कार्यप्रणाली में अंतर्विषयक दृष्टिकोण विषय पर पी. जी. कॉलेज छिंदवाड़ा के सभागृह में आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार में उद्घाटन सत्र में बोलते हुए कुलगुरू प्रो. इन्द्र प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि मानव जीवन में आ रही नित नई जटिलताओं का स्थाई हल शोध कार्यप्रणाली में अंतर्विषयक दृष्टिकोण से ही संभव है। सतही ज्ञान अंततः खतरनाक ही साबित होता है। Glob प्रमुख स्त्रोत वक्ता डॉ. हरी सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर के रसायन विज्ञान के प्रो. ए. पी. मिश्रा ने कहा कि वेदना दृष्टि देती है, इसका सहनकर्ता दृष्टा हो जाता है। शोध दृष्टि बदलती है। शोध का केंद्रीय उद्देश्य व्यष्टि से समष्टि की यात्रा है। कम से कम में से अधिक से अधिक जान लेना और अधिक से अधिक में से काम का कम से कम निकाल लेना ही शोध है।

# एटीएम कार्ड बदलने वाले आरोपी को दबोचा

## कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही, महंगे शौक पूरा करने के लिए किया था अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

एटीएम कार्ड बदलकर महंगे शौक पूरा करने वाले धोखाधड़ी के आरोपीयों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। प्रार्थी दिलीप सूर्यवंशी निवासी वार्ड न 46 मोहन नगर छिन्दवाडा ने दिनाँक 3 जुलाई को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि दिनाँक 30 जून को जब प्रार्थी एस.बी.आई. के ए.टी.एम. से पैसे निकालने बस स्टेण्ड छिन्दवाडा के पास गया उसके पीछे खडे व्यक्ति ने उसका ए.टी.एम. पिन देख लिया और उसे विश्वास मे लेकर उसका ए.टी.एम. कार्ड बदलकर उसे दुसरा ए.टी.एम. कार्ड दे दिया और प्रार्थी के ए.टी.एम. कार्ड से कुल 79 हजार रुपये निकाल लिये, प्रार्थी को मैसेज आने पर प्रार्थी के द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने पर अपराध क्र. 392/2025 धारा 318(4) भा.न्य.सं. का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया । इसी प्रकार 4 जुलाई को प्रार्थी यशवंत राव कालबांडे निवासी दुर्गा मंदिर के पास पाठाढाना छिन्दवाडा ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 03/06/2025 को एस.बी.आई. बैंक के ए.टी.एम. परसुराम वाटिका के पास से पैसे निकालने के दौरान उसके पीछे खडे व्यक्ति ने उसका ए.टी.एम. पिन देख लिया और उसे विश्वास मे लेकर उसका ए.टी.एम. कार्ड बदलकर उसे दुसरा ए.टी.एम. कार्ड दे दिया और उसके ए.टी.एम. से 30 हजार रुपये निकाल लिया प्रार्थी को मैसेज आने पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्र.396/2025 धारा 318(4) भा.न्य.सं. का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।

कोतवाली पुलिस टीम के द्वारा निरंतर सायबर सैल छिन्दवाडा से संपर्क कर घटना स्थल के आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही. केमरे को खंगाला गया। सी.सी.टी.व्ही. फुटेज प्राप्त होने पर फुटेज के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्ति विनोद उर्फ रोहित पिता स्व. डालचंद गौतम उम्र 35 साल एवं अनुज पिता राजेंद्र कुमार सिगोतिया उम्र 25 साल दोनो निवासी ग्राम कुडारी थाना धनोरा जिला सिवनी को चंदनगाव बस स्टेण्ड से पकडकर पुछताछ करने पर पहले तो पुलिस को गुमराह करते रहे कडाई से पूछताछ करने पर आरोपी विनोद के द्वारा बताया गया कि उसने अपनी गर्लफ्रेंड एवं अपने महगे शोक के लिये पहले दिल्ली में रहते हुए ए.टी.एम. बदलकर फ्रोड करना सीखा फिर छिन्दवाडा आकर अभी तक छिन्दवाडा शहर मे दो ए.टी.एम. कार्ड बदलकर घटना कारित करना स्वीकार किए।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा हर वर्ष 6 जुलाई को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाती है। इसी तारतम्य में रविवार को भाजपा ने जिले के सभी बूथों पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पौधारोपण कर जन्म जयंती मनाई।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने नगर के वार्ड क्रमांक 36 चन्दनगांव स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वाटिका में छायादार पौधों का रोपण किया।

पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का व्यक्तित्व इन पेड़ों की तरह था। उन्होंने कहा कि डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने पूरे जीवनकाल सभी को कुछ ना कुछ दिया। उन्होंने कभी खुद कुछ लेने की इच्छा नहीं रखी। श्री यादव ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन देश सेवा और जन सेवा के लिए समर्पित रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी से जो देश सेवा और जन सेवा की सीख मिलती है उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती का मुख्य कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया। जन्म जयंती कार्यक्रम के मुख्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे।

### किसानों के बच्चों को पुरूस्कृत करेगी किसान कांग्रेस : सिंह

**छिंदवाड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चैहान के मार्ग निर्देशन पर जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चैधरी पुष्पेन्द्र सिंह अधिवक्ता ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 10 एवं 12 वीं में जिन किसानों के बच्चे 75 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे उन्हे जिला किसान कांग्रेस प्रशस्ति पत्र, मेडल और शील्ड देकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में समारोह आयोजित कर पुरूस्कृत करेगी । छात्र-छात्राओं के परिवार में माँ अथवा पिता का किसान होना जरूरी है, साथ ही अंकसूची की छायाप्रति भी आवश्यक होगी ।

# भाजपा नगर मंडल चौरई ने मनाई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

आज भाजपा नगर मंडल चौरई द्वारा प्रखर राष्ट्रवादी, महान शिक्षाविद,भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गईंकार्यक्रम मे इनके पूरे जीवनकाल का विस्तार से परिचय वर्णित किया गया जिसमे इनके द्वारा राष्ट्र हित मे किए गए कार्यों क़ो बताया और किन परिस्थिति और कारणों से इन्होने जनसंघ की स्थापना की जो आज भारतीय जनता पार्टी के रूप मे देश हित मे कार्य कर रही है अलग अलग वक्ताओ ने डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी की जीवन परिचय दिया कार्यक्रम पश्चात जरूरतों क़ो फल वितरण किया गया और सभी कार्यकर्त्तायो द्वारा पौधारोपण किया गया कार्यक्रम मे मुख्य रूप से वेद प्रकाश चौरसिया, नीलू निर्मलकर, चंद्रभान सोनी केशव तिवारी अवनीत सोनी अनमोल चौधरी सुमित सराठे दीपक वर्मा गोविंद दनताले श्यामलाल नामदेव विनय वर्मा उमेश रघुवंशी विनोद पाल सहित समस्त भाजपा कार्यकर्त्ता गण उपस्थित रहे जिसमे सभी जिला भाजपा पदाधिकारी नगर भाजपा और कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने की दादा गुरू कंस्ट्रक्शन पर जुर्माने की कार्यवाही

# खनिज रेत व गिट्टी के अवैध भण्डारण पर लगाया साढ़े तीन लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत एक प्रकरण में भण्डारणकर्ता दादा गुरु कन्स्ट्रक्शन प्रो. राजू सराठे की ओर से उपस्थिति प्रतिनिधि कर्मचारी श्री दिलीप विश्वकर्मा पिता स्व.श्री गोवर्धन निवासी नरसिंहपुर नाका वार्ड नंबर-16 छिन्दवाड़ा द्वारा म.प्र.खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 18 (2) के प्रावधानों के अंतर्गत भण्डारित खनिज रेत एवं गिट्टी का अवैध भण्डारण किया जाना प्रमाणित होने पर प्रावधान के अनुसार अनावेदक भण्डारणकर्ता दादा गुरु कन्स्ट्रक्शन प्रो. राजू सराठे पर अर्थशास्ति और पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की कुल शास्ति राशि की दुगुना राशि 352800 रुपए अधिरोपित की गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि खनिज अधिकारी छिंदवाड़ा के माध्यम से प्रस्तुत प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व परासिया के प्रतिवेदन 18 जनवरी 2024 के अनुसार जिले की तहसील परासिया के ग्राम जाटाछापर स्थित भूमि खसरा नंबर 232/2 रकबा 0.073 हेक्टेयर जो राजस्व अभिलेख में बेनीराम पिता नारायण प्रसाद के नाम से दर्ज हैं। इस भूमि पर अनावेदक दादा गुरु कन्स्ट्रक्शन प्रो.राजू सराठे की ओर से उपस्थिति प्रतिनिधि कर्मचारी श्री दिलीप विश्वकर्मा पिता स्व.श्री गोवर्धन निवासी नरसिंहपुर नाका वार्ड नंबर-16 छिन्दवाड़ा द्वारा 24 घनमीटर खनिज रेत तथा 24 घनमीटर खनिज गिट्टी को अवैध रूप से भण्डारित किया गया। इस संबंध में मौके पर भण्डारित खनिज के संबंध में अनावेदक द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने से अनावेदक पर अर्थदण्ड अधिरोपित किये जाने की अनुशंसा की गई। जिसमें खनि निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं अनावेदक द्वारा प्रस्तुत जवाब एवं संलग्न दस्तावेजों का सूक्ष्मता से परिशीलन एवं अवलोकन करने के उपरांत म.प्र.खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के अध्याय 5 नियम 18 (2) एवं (4) के अनुसार अनावेदक भण्डारणकर्ता दादा गुरु कन्स्ट्रक्शन प्रो. राजू सराठे पर अवैध भण्डारण किये जाने पर नियमानुसार अर्थशास्ति व पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की राशि का योग कुल शास्ति राशि 176400 रूपये एवं 1000 रुपए की प्रशमन राशि को मिलाकर कुल शास्ति मय प्रशमन शुल्क 177400 रूपये अधिरोपित करने के लिये प्रस्तावित किया गया।

### गुरू पूर्णिमा पर्व पर होगा शिवलिंग का निर्माण-राय

**छिंदवाड़ा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शिवसेना द्वारा गुरू पूर्णिमा पर्व पर पार्थेश्वर शिवलिंग का निर्माण किया जायेगा । तत्पश्चात शिवलिंग की पूजन पाठ के साथ सद्गुरूदेव श्री 108 गोवर्धन जी पटेल की चरण पूजन करते हुये गुरूपूर्णिमा उत्सव मनाया जायेगा । पार्थेश्वर शिवलिंग का विर्सजन माँ नर्मदा के तट पर होगा । धर्मप्रेमी जनता जनार्दन से शिवसेना नेता नितिन राय ने गुरूपूर्णिमा पर्व में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है ।



## बारिश के साथ शुरू की ग्यारवें दिन की पदयात्रा

# दादा भक्तों ने किया खण्डवा जिले की सीमा में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सांसद बंटी विवेक साहू और उनके साथ पदयात्रा कर रहे दादा भक्त तमाम परेशानियों के बाद भी दादाजी धूनीवाले के भजनों और गीतों में लीन होकर पिछलें 11 दिनों से लगातार पदयात्रा कर रहे है। सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्रियों ने छिन्दवाड़ा, पाण्ढुर्णा और बैतूल जिले की पदयात्रा पूरी करते हुये खण्डवा जिले की सीमा में प्रवेश कर लिया है।

दादाजी धूनीवाले के धाम पहुचने की ललक दादा भक्त पदयात्रियों के हौसलों को कम नही होने दे रही है। सांसद श्री साहू और दादा भक्तों ने पदयात्रा के 11 वें दिन की सुबह कालीघोड़ी आश्रम से जब पदयात्रा के साथ चल रहे रथ में स्थापित माँ नर्मदा के जल कलश और दादाजी धूनीवाले की पूजा अर्चना और आरती के बाद जब पदयात्रा शुरू की तो बारिश हो रही थी। इस दौरान सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्रियों ने अपनी पदयात्रा शुरू कर दी। रास्ते में बारिश तेज हो गई लेकिन दादाजी धूनीवाले के धाम पहुचने की ललक ने दादा भक्तों के कदम रूकने नही दिये। लगातार हो रही बारिश के बाद भी सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्रियों ने अपनी पदयात्रा जारी रखी। सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा निकाली जा रही छिन्दवाड़ा से खण्डवा तक की पदयात्रा में रास्ते में पड़ने वाले जिलों और गांवों और कस्बां से पदयात्रा में नये दादा भक्त पदयात्री शामिल हो रहे है। पदयात्रा में नये दादा भक्त पदयात्री शामिल होने से पदयात्रा में चल रहे पदयात्रियों के हौंसले और भी बुलंद होते जा रहे है। पदयात्रा के साथ चल रहे रथ में सवार माँ नर्मदा के जल कलश और दादाजी धूनीवाले की जगह-जगह पर स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है।

छिन्दवाड़ा से लेकर खण्डवा तक की पदयात्रा के दौरान पदयात्रा के साथ चल रहे डीजे में दादाजी धूनीवाले के भजनों और गीतों का शिलशिला जारी है। इन्हीं भजनों और गीतों के सहारे जल्द ही दादाजी धाम पहुचने की ललक दादा भक्त पदयात्रियों के हौंसलो को बढाते ही जा रही है। दादाजी धूनीवाले के भजनों और गीतों की सु-मधुर ध्वनि दादा भक्त पदयात्रियों को थकने नही दे रही है। इस सु-मधुर ध्वनि के बीच दादा भक्त पदयात्री निरंतर अपनी यात्रा में आगे बढ़ रहे है।

### जनसंघ के संस्थापक की जयंती पर लगाए पौधे

**न्यूटन / परासिया।** भारत की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले प्रखर राष्ट्रवादी विचारक महान शिक्षाविद जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर न्यूटन नगर के 7 बूथों में



भारतीय जनता पार्टी द्वारा जयंती कार्यक्रम मनाया गया । इस अवसर पर पौधारोपण किया गया । नगर के 7 बूथों में जामुन ,आम , अमरूद , नीम ओर गुलमोहर के फलदार और छायादार 50 पौधे लगाए गए । इस अवसर पर मुख्य रूप से सोनू त्रिवेदी भाजपा शहरी मंडल उपाध्यक्ष , राहुल सराठी पार्षद वार्ड नं 8 मंडल अध्यक्ष एसटी मोर्चा , निधि यादव पार्षद वार्ड नं 10 , बिट्टू भनारिया मंडल उपाध्यक्ष , रूपेश इरपाची , हेमंत नवेत , दीपक बाथरी , विकास मंडलोई ,अखलेश डेहरिया , सुनील पॉल ,ओमप्रकाश डेहरिया , संजय ककोडिया , दीपराज यादव , विवेक यादव, मनीष चौहान , दीपक विश्वकर्मा , अंकुश यादव , रोहित यादव , राहुल साहू , कैलाश नवेत सहित अन्य पदाधिकारीयो और कार्यकर्ताओ ने पौधारोपण किया ।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव विधानसभा के तामिया मंडल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने उनके आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष दयाराम इरपाची ने कहा कि डॉ मुखर्जी एक दक्ष राजनीतिज्ञ, विद्वान और स्पष्टवादी के रूप में वे अपने मित्रों और शत्रुओं द्वारा सामान रूप से सम्मानित थे। एक महान देशभक्त और संसद शिष्ट के रूप में भारत उन्हें सम्मान के साथ याद करता है।इस अवसर पर तामिया भाजपा मंडल अध्यक्ष दयाराम इरपाची,भाजपा मंडल महामंत्री विनय साहू,सुमंत्रा ठाकुर,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नीलेश डेहरिया,रियाज खान,वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल साहू,महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण बाजपेई,बेबी मालवी,भाजपा युवा नेता आकाश मंडराह,संतोष साहू सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर किया तर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

सन्त श्री आशारामजी आश्रम लिंगा में आज श्री योग वेदांत सेवा समिति के सैकड़ों साधकों ने मीडिया से जुड़े जितेंद्र कुमार पिता हंसकुमार जायसवाल के मोक्ष हेतु श्रीमद भगवदगीता जी के 7 वें अध्याय का पाठ कर विधिवत तर्पण किया । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि जितेंद्र कुमार जायसवाल जी का 1 जुलाई को परलोक गमन हो गया । उनके मोक्ष हेतु हम सभी ने आज श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का वैदिक रूप से पाठ कर पुण्य अर्पण किया । शास्त्रों में आता है कि जिनका शरीर छूट गया है उनके लिए तीसरा , तेरहवीं और गंगा पूजन करने का विधान है । किसी कारणवश समय पर यह सब ना कर पाएं जो श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर पुण्य अर्पण करने का भी विधान है । गंगा पूजन के साथ भी यह पाठ कर सकते हैं । श्री जितेंद्र जी वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र जयसवाल जी के भ्राता हैं और जितेंद्र जी के संस्था के साथ बहुत मधुर संबंध रहें हैं । समिति के सेवाकार्यों में मार्गदर्शन करते रहें हैं । समिति समय - समय पर शहर के प्रतिष्ठित लोग जिनका शरीर छूट गया है उनके लिए और सीमा पर देश की सेवा करते- करते शहीद हुए सैनिकों के लिए भी गीता पाठ की सेवा करती हैं । हाल ही में अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दुर्घटनाग्रस्त हुए लगभग 330 लोगों के लिए भी श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर उन सभी के मोक्ष की कामना की । श्री जितेंद्र जयसवाल जी बहुत ही हँसमुख और मिलनसार व्यक्तित्व की धनी थे उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की ।साथ ही बेतुल समिति के राजीव झा की छोटी बहन देवांगना झा चंडीगढ़ के परलोक गमन पर मोक्ष हेतु पाठ किया गया । इस अवसर पर साध्वी रेखा बहन , साध्वी प्रतिमा बहन , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , सुभाष इंगले , अशोक कराड़े , नारायण ताम्रकार , रामराव लोखंडे , बबलू माहोरे ,भूपेश पहाड़े ,महिला समिति की अध्यक्ष ललिता घोगें , प्रीति सोनारे , रूपाली इंगले , सुधा ताम्रकार विमल शेरके आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

## हुसैन की याद में कर्बला पहुंचे हुसैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

यादें हुसैन में मुहर्रम की 10 तारीख को न्यूटन पेंच नदी पर कर्बला का मंजर बना । जिसमें शामिल होने हुसैनियों का काफिला पहुँचा । कोई ताजीयों के साथ , कोई मन्नत के शेरों के साथ , कोई सवारियों के साथ कर्बला पहुंचे ।माहे मुहर्रम की दसवीं तारीख पूरे कोयलांचल में बड़ी सिद्दत के साथ मनाई गई । झूर्रे , छिंदा स्तिथ नदी के घाट पर भी हुसैनी पहुंचे । कुछ ने ताजिया बनाकर कर्बला के मंजर को याद किया । इधर इकलेहरा भाजीपानी बड़कुही , चांदामेटा , परासिया में भी मोहर्रम शिद्दत के साथ मनाया गया । सवारियां , ताजिए और मन्नत के शेर कर्बला पहुंचे । न्यूटन पेंच नदी पर मगरिब से पहले ताजिया विसर्जित हुए । सावरियां ठंडी हुई इस दौरान हर जगह लंगर और शरबत तक्सीम किया गया ।

**घाट पर नमाज का अहतमाम :-** न्यूटन पेंच नदी के घाट पर दीवाने गनी कमेटी के जानिब से मगरिब की नमाज का और रोजा इफ्तार का एहतमाम किया गया । जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए । रोजा इफ्तार किया गया और नमाज अदा की गई ।



## गौ माता से ही कराया गौशाला का उद्घाटन, पूर्ण हुआ सुमित का संकल्प



**चौरई** : हिंदू धर्म में पूजनीय गौमाता की क्षेत्र में हर तरफ दुर्दशा देखने को मिल रही है तो वही आज के वक्त में भी गौसेवक मौजूद है इस बात को बरेलीपार के सुमित रघुवंशी ने साबित कर दिया दरअसल विगत दिनों गौमाता की दशा सुधारने सुमित ने संकल्प लिया कि वे जल्द ही स्वयं के खर्चे से गौशाला का निर्माण करवाएंगे एवं गौमाता की सेवा करेंगे। ,जिसके चलते रविवार को महीनों से निर्माणधीन गौशाला का कार्य पूर्ण होने के पश्चात गौमाता से ही गौशाला का उद्घाटन करवाया एवं बताया कि अभी सिर्फ तेंदनी में ही गौशाला का निर्माण हुआ है एवं क्षेत्र में जिस ग्राम में भी गौशाला की आवश्यकता होगी ,गौशाला का निर्माण करवाया जाएगा ,। साथ ही पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी गौसेवकों द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

## कृषको को फसल बीज किया वितरण, खरपतवार को नियंत्रित करने के बताए उपाय



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

किसान कल्याण एंव कृषि विकास विभाग खैरलांजी में पदस्थ कृषि विकास अधिकारी आर पी मर्सकोलो सहित अन्य विभागी कृषि विकास अधिकारी के द्वारा शुक्रवार को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में अचंल के कृषको को प्रदर्शन के अंतर्गत बीज की मिनी किट वितरण कि गई। जिसमे ग्राम खरखड़ी से कृषक श्री मोतीलाल चौधरी, कचेखनी से श्री तुलाराम साकरे, फुलचुर से श्री गोविंदराम झाड़े, वीरेंद्र ठाकरे, लखनलाल बिसेन सहित अन्य कृषकों को रागी, उड़द की मिनी किट, एवं अरहर ,कोदो अंतरवर्ती प्रदर्शन बीज का वितरण किया गया। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारीयो के द्वारा कृषको को प्रोत्साहित किया गया की कम लागत पर अधिक उत्पादन प्राप्त करे । एंव फसलो की समय-समय पर देख रेख कर बीमारी की रोकथाम करे ताकि फसल गुणवत्ता से पूर्ण हो तथा खरपतवार को नियंत्रित करने के बारे में बताया गया।इस दौरान कृषि विभाग के पदाधिकारी सहित कृषक मौजूद रहे।

## दिव्यांगजनों के लिए ये उपकरण गतिशीलता को देगी बढ़ावा

# दिव्यांगों को बाय साइकिल व सहायक उपकरण किया गया वितरित



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

जनपद पंचायत कीटनापुर की प्रांगण में दिव्यांग को ट्राई साइकिल व सहायक उपकरण वितरण किया गया इसमें मुख्य अतिथि राणा कल्याण सिंह व जनपद सदस्य श्रीमती वर्षा बढ़ई के नेतृत्व में यह शिविर का आयोजन किया गया। दिव्यांग दिवस के अवसर पर विकास भवन में चयनित 250 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण वितरण कर अभियान की शुरुआत किया गया है।

जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह ने कहा दिव्यांगजनों के लिए यह उपकरण न केवल गतिशीलता और पहुंच को बढ़ावा देगी। बल्कि सशक्तिकरण और अन्य चीजों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह कार्यक्रम दिव्यांगजनों को आसानी से जीवन यापन करने और आवागमन में आसानी से आगे बढ़ाने में सहायता कर रहा है। जो इन लोगों को समाज और रोजगार में अधिक सक्रिय रूप से शामिल होने में सक्षम बनाएगा।

दिव्यांग लोगों को सरकार की तरफ से कई सुविधाएं दी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में जनपद के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजनान्तर्गत के तहत वितरण किया गया है। जिसमें बाय साइकिल है, स्टिक है और भी उपयोग में आने वाले चीज का वितरण किया गया। फिलहाल70 लोगों को मौके पर सामग्री वितरण की गई है। जनपद में जो भी योजना के अंतर्गत पात्र हैं। उनको भी शिविर लगाकर सहायक उपकरण जल्द ही वितरण किया जाएगा।

## अच्छा खेल का प्रदर्शन करने से होती है खिलाडि़यों की पहचान-विवेक पटेल

# विधायक विवेक पटेल में बैडमिंटन खिलाड़ियों का किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** सिविल बैडमिंटन क्लब वारासिवनी के तत्वावधान में रविवार को बैडमिंटन हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन विधायक विवेक विक्की पटेल की अध्यक्षता में किया गया। इस सम्मान समारोह में स्टेट से खेल कर आए दो बैडमिंटन खिलाडी आशुराम रिजवानी और अनमोल आहूजा और जिले मुख्यालय में रनिंग ट्राफी प्रतियोगिता में खेलकर आए अंशु दलवानी, समीर मात्रे और यश ठाकरे को विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।



इस दौरान बैडमिंटन क्लब के कोच गणेश सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारे बैडमिंटल क्लब के खिलाड़ी जहां भी खेलने जाते हैं, वहाँ से जीतकर ही आते हैं। आज के युवा बैडमिंटन खेलने में ज्यादा समय बिता रहे हैं, जो अच्छी बात है। जो खिलाड़ी अच्छा खेल खेलता हैं, उसकी पहचान भी सबसे अलग होती हैं। इस दौरान सुदेश गुड्डु सोनी, संजय सोनी, पप्पू लालवानी मौजूद रहे।

**बैडमिंटन वह खेल हैं, जो हमारे शरीर को स्वस्थ रखता हैं:** इस अवसर पर खिलाडि़यों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि हमारे वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र बैडमिंटन में बहुत पिछड़ा हुआ था। मगर पिछले कुछ वर्षो से यह खेल हमारे क्षेत्र में आगे बढ़ता जा रहा है। वारासिवनी के छोटे-छोटे बच्चे स्टेट खेलने जा रहे हैं। यह हमारे वारासिवनी के लिए गौरव की बात हैं। मैं खुद बैडमिंटन खेलने जाता हूं और दूसरे को भी खेलने के लिए प्रेरित करता हूं। खेल कोई भी हो हर व्यक्ति को खेलना चाहिए। खेल खेलने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, कोई बीमारी भी नहीं होती, शरीर को कोई तकलीफ नहीं होती है। जो खेल खेलते हैं, वह हमेशा स्वस्थ रहता हैं। हमारे वारासिवनी के कई लोग है, जो खेल विभाग में बड़े-बड़े अधिकारी हैं। वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के खिलाडि़यों को जब भी मेरी जरूरत पड़ेगी, मैं उनके साथ खड़ा हूं। कोई खिलाड़ी अगर बड़े स्तर तक खेलने पहुँचता हैं, तो खिलाड़ी के साथ-साथ उसके माता-पिता और उनके गुरु का भी बड़ा योगदान रहता है। गुरु के बिना जीवन में आगे बढऩा संभव नहीं हैं।

## रिटर्निंग वॉल निर्माण में धांधली : गुणवत्ता मानकों का नहीं हो रहा पालन, परिषद को किया गुमराह

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



शहर के वार्ड क्रमांक 10 के धोप टोला की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते के ठीक बगल से बहने वाली चंदन नदी में रिटर्निंग वॉल का निर्माण हो रहा है. नगर परिषद कटंगी यह निर्माण करवा रही है ताकि धोप टोला के रास्ते में हो रहे कटाव को रोका जा सके. इस निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा जमकर धांधली बरती जा रही है और गुणवत्ता के मानकों का पालन नहीं हो रहा है. सबसे चौंकाने वाली बात तो यह है कि नगर परिषद के सभी पार्षदों को गुमराह कर प्रस्ताव में लाकर यह निर्माण हो रहा है. इस बात का खुलासा पार्षदों ने किया है. करीब 38 लाख रुपए की लागत से रिटर्निंग वॉल का निर्माण किया जा रहा है. निर्माण एजेंसी एसीसी बोटेझरी इसका निर्माण कर रही है. ठेकेदार निर्माण में घटिया क्वालिटी की रेत और बिना मशीनों का उपयोग कर निर्माण कर रहा है. मटेरियल की क्वालिटी और मात्रा को लेकर भी सवाल उठ रहे है. ठेकेदार निर्माण की आड़ में यहां से रेत चोरी कर दूसरी साइड में भी उपयोग कर रहा है. नदी में रेत के उत्खनन पर प्रतिबंध होने के बावजूद भी ठेकेदार ने पोकलेन मशीन लगाकर नदी से रेत निकाली है. इधर, निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने के बावजूद उपयंत्री राजेश चौकसे ठेकेदार को संरक्षण प्रदान कर रहे है।

पार्षदों ने बताया कि वर्ष 2023 में परिषद में एक संकल्प रखा गया. जिसमें सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि बाढ़ आपदा राहत योजनान्तर्गत राशि प्राप्त होने पर नदी में रिटर्निंग वॉल का निर्माण किया जाएगा. नगर परिषद ने बकायदा एसडीएम को पत्र प्रेषित किया. किंतु राशि नहीं मिल पाई ऐसी परिस्थिति में निर्माण होना संभव नहीं था तो उपयंत्री राजेश चौकसे और सीएमओ ने बेहद चालाकी से बिना परिषद को सूचना दिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत होने वाले कार्यों में रिटर्निंग वॉल के निर्माण कार्य को परिषद के अन्य प्रस्ताव के साथ शामिल कर दिया और बिना पार्षदों को सूचना दिए ही यह कार्य प्रारंभ कर दिया गया. पार्षदों को जब कार्य शुरू होने की जानकारी मिली तो उन्होंने इसका विरोध किया. अब यह निर्माण कार्य सुर्खियों में आ गया है. दरअसल, बारिश में वॉल का निर्माण कार्य शुरू किया गया है. पार्षदों ने इस कार्य पर रोक लगाने की बात कहीं है।

## शीघ्र किया जाएगा बाजार का मरम्मतीकरण कार्यः मयूर वाहने सीएमओ

# वर्षा के बाद साप्ताहिक बाजार दलदल में बदला, सब्जी विक्रेता परेशान

हरिभूमि न्यूज लांजी।



नगर में हर रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में कीचड़ और दलदल की समस्या से लोग परेशान हैं। बारिश के कारण बाजार स्थल पर कीचड़ जमा हो गया है, जिससे दुकानदारों और ग्राहकों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। साप्ताहिक बाजार में कीचड़ और दलदल होने से लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। लोगों को दुकान लगाने और सामान खरीदने में कठिनाई हो रही है। ऐसी स्थिति में खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है।

**पहली बारिश से बाजार की रौनक हुई समाप्तः** सब्जी बाजार में मानसून की पहली बारिश में ही हालात इतने बदतर हैं कि बाजार की रौनक पूरी तरह खत्म हो गई है। इस संदर्भ में सब्जी व्यापारियों व अन्य ने बताया कि आवक कम होने के कारण इन दिनों महंगे दामों में सब्जी ले रहे हैं परंतु बाजार दलदली व कीचड़ युक्त होने के कारण ग्राहक भीतर जाने से परहेज कर रहे हैं। इससे छोटे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, जबकि कुछ सब्जी विक्रेता निजी लागत से पटाव की व्यवस्था में जुटे है।

**बाजार में चौतरफा अव्यवस्थाः**बाजार स्थल पर अव्यवस्था फैलने से लोग परेशान साप्ताहिक बाजार स्थल पर तेजी से अव्यवस्था फैलने लगी है। दुकानदार बाजार के अंदर ही चार पहिया वाहन लाकर खड़े कर देते हैं। जिससे बाजार में दुकान लगाने वाले अन्य दुकानदारों को परेशानी होती है। दुकानदारों ने मनमर्जी से जगह घेरकर दुकानों को फैलाना शुरू कर दिया है। बाजार में सुरक्षा को लेकर कोई इंतजाम नहीं किए हैं।

**नप कर रही वसूली, नहीं मिल रही सुविधाः** साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने बताया नपा ने बाजार में दुकान लगाने वालों से 20 और 50 रुपए के हिसाब से दुकानदारों से राशि वसूली की जाती है। सप्ताह में दो दिन बाजार लगने से नप को बाजार से लाखों रुपए की आय हो रही है। इसके बाद भी बाजार स्थल पर किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं हो रही है। बाजार में पुराने चबूतरों का हाल बेहाल हैं, जिनका जीर्णोद्धार कराने के लिये भी नगर परिषद सुध नहीं ले रही है।

**बाजार में दुकान लगाने वालों की यह मांगः** साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने वालों ने बाजार स्थल पर विभिन्न सुविधा देने की मांग की है। दुकानदारों का कहना है बाजार के अंदर बने मार्ग पर बजरी डालना चाहिए। जिससे खरीदी करने आने वालों को सुविधा हो सके। बाजार स्थल के अलावा अन्य स्थान पर सब्जी की दुकानें नहीं लगने दी जाना चाहिए। बाजार स्थल पर पर्याप्त विद्युत रोशनी के लिए लाइट लगाई जाना चाहिए। बारिश के पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण किया जाए।

### इनका कहना है

बाजार के मरम्मतीकरण के काम का टेंडर हो चुका है, परंतु लगातार बारिश होने के



कारण ठेकेदार द्वारा कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। जैसे ही बारिश रूकती है शेड निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। नगर परिषद की ओर से बाजार में आवागमन सुचारू करने के लिये बाजार के अंदर मार्गों में चिल्ली डालकर उसे लोगों के चलने लिये सुगम बनाया जाएगा।

**मयूर वाहने, सीएमओ**
**नगर परिषद, लांजी**

बाजार के जीर्णोद्धार के लिये नगर परिषद द्वारा ठेका लगभग 3.5 करोड़ में दे दिया गया है। बारिश के रूकते ही बाजार में सुधार कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा और व्यापारियों और लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

**किशोर रामटेक्कर,राजस्व सभापति**

## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि परतापुर रोड प्रधानमंत्री एक्सीलेंस महाविद्यालय सिवनी के पास संचालित पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में पिछडा वर्ग के विद्यार्थी जो महाविद्यालय में अध्ययनरत हैं। इच्छुक विद्यार्थियों से छात्रावास में प्रवेश के लिए आवेदन 20 जुलाई 2025 तक अमांत्रित किये गए हैं।
उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र कार्यालय, पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग कलेक्ट्रेट परिसर सिवनी अथवा पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास परतापुर रोड सिवनी से प्राप्त किया जा सकता है।

# पहली ही बारिश में धसकने लगी डुंगरिया जलाशय की दीवार

**जिले में भ्रष्टाचार की गंगा किस तरह से बह रही है. इसका जीता जागता उदाहरण लखनादौन तहसील गणेशगंज के डुंगरिया जलाशय में एक माह पहले 58 लाख के मरम्मत कार्य को देखकर लगाया जा सकता हैं। जहां पहली ही बरसात में जलाशय की दीवार धसकने लगी हैं और लंबी चौड़ी दरार दिखाई दे रही हैं। इसके बाद भी जिला प्रशासन हरकत में नहीं आया है, वहीं स्थानीय नागरिक भयभीत नजर आ रहे हैं।**

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया गणेशगंज लखनादौन।** उल्लेखनीय है कि जिले के लखनादौन तहसील अंतर्गत बदनौर ग्राम पंचायत सहजपुरी के पास सन 1987-1988 में डुंगरिया जलाशय का निर्माण जल संसाधन विभाग के द्वारा करोड़ों की लागत से कराया गया था। लगभग एक माह पहले ही जल संसाधन विभाग के द्वारा 58 लाख की राशि से इस जलाशय के मरम्मत कार्य ग्वालियर के ठेकेदार मेसर्स पुष्पेंद्र सिंह के माध्यम से कराए गए थे।




### 2 साल पहले भी डैम में हुआ था सुराख, खाली कराए गए थे कई गांव

2 साल पहले भी इसी डुंगरिया जलाशय में बरसात के दौरान दरारें आई थी और यह डैम फूटने के कगार पर पहुंच चुका था। जिसके बाद जिला प्रशासन ने बदनौर और डुंगरिया ग्राम को खाली कराना था। तब भी जल संसाधन विभाग के द्वारा लाखों रुपए की राशि से मरम्मत कार्य कराकर दरारों को भरकर लीपापोती कर दी गई थी।
बता दें कि जल संसाधन विभाग के द्वारा एक माह पहले ही58 लाख से 1 माह पहले हुआ था मरम्मत कार्य दीवार और लंबी चौड़ी दरारों से ग्रामीणों में मय का माहौल 58 लख रुपए की राशि से ग्वालियर के मेसर्स पुष्पेंद्र सिंह से डुगरिया जलाशय में फ्लशबार का विस्तारीकरण, फ्लशबार की विग बाल का निर्माण, स्मील चैनल को चौड़ाई बढ़ाना, बंड में खुदई पिचिंग एवं अर्थ वर्क का कार्य, एस्केप चैनल का निर्माण कार्य, लांगीटयूडनल डेन एवं क्रॉस ट्रेन का निर्माण कार्य कराना गया था।

### रोलर से कॉम्पैक्शन नहीं कराने के चलते आई दरारें

डुगरिया जलाशय में 58 लाख के मरम्मत कार्य में सब डिवीजन में पदस्थ एमडी भी ऋषभ साहू और सब इंजीनियर शंकर लाल त्रिपाठी सहित जिले के कार्यपालन यंत्री वीपी चौधरी तथा ग्वालियर के ठेकेदार मेसर्स पुष्पेंद्र सिंह की अर्थता के चलते गरिमा जलाशय फूटने की कगार पर है और कई ग्रामों पर बाढ़ का खतरा मंडराने के संकित नजर आ रहे हैं। पिछले दो-तीन दिनों से उक्त जलाश में ऐसी स्थिति बनी हुई है और लगातार डैम की दीवारों में दरारे चौड़ी और लंबी होती जा रही है. उसके बाद भी जिला और स्थानीय प्रशासन हरकत में नहीं आया है।

# 24 घण्टे में पुलिस ने दो नाबालिग बच्चियों को दीगर राज्य तेलंगाना से किया दस्तयाब

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता भा.पु.से. के जिले के समस्त थाना प्रभारियों को नाबालिग लडकियों की दस्तयाबी हेतु आदेशित किया गया है उक्त आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा, एसडीओपी बरघाट ललित गठरे के मार्ग दर्शन में थाना कुरई के अप.क्र. 323/2025 धारा 137(2) बीएनएस एवं अप.क्र. 323/2025 धारा 137 (2) बीएनएस के मामले में अपहृत की गई दो नाबालिग (अठारह वर्ष से कम आयु) बालिका एक कक्षा आठवी तथा दूसरी कक्षा नवमी में अध्ययन कर रही थी घर से बस से स्कूल आती जाती थी दिनांक 02/07/2025 को घर से बस से स्कूल जाने को घर सी निकली थी जो शाम को घर वापस नही आने पर दिनांक 03/07/2025 को परिजनों द्वारा पुलिस चौकी बादलपार थाना कुरई में अपराध कायम कर तत्काल पुलिस टीम का गठन कर सायबर सेल से लोकेशन प्राप्त कर नेकोडां तेलंगाना से बालिकाओ को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया मामले की विवेचना जारी है। उल्लेखनीय भूमिका-निरी. के. एस. तेकाम थाना प्रभारी कुरई, उप निरी. आर.एस. राजपूत चौकी प्रभारी बादलपार, सउनि देवेन्द्र जायसवाल, प्रआर. राजेश मात्रे, योगेन्द्र सिंह चौहान, आर. प्रफुल्ल सोनेकर, विजय मर्रापे, अरविंद इनवाती, बालचंद नगरधने, अविनाश पाण्डेय, चंचलेश नरवरे शामिल रहे।

# मॉडिफाइड तेज आवाज साइलेंसर वाले वाहनों पर हुई कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है।
इसी क्रम में तेज आवाज साइलेंसर वाले ऐसे बुलेट वाहन जिनके द्वारा फटाखे की आवाज निकाल कर ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न किया जा रहा हैं, के विरुद्ध यातायात पुलिस सिवनी द्वारा नगर के बारापत्थर बाबरिया रोड एवं अन्य स्थानों थाना प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात चैकिंग दल द्वारा पर कार्यवाही की गई। चैकिंग के दौरान तेज आवाज साइलेंसर वाले 7 बुलेट वाहनों पर कार्यवाही की जाकर 7000 समन शुल्क वसूल किया गया। यातायात पुलिस सिवनी द्वारा सभी आमजन को सूचित किया जाता है कि तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसरों का उपयोग करना मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के विरुद्ध है। अतः ऐसे तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसरों का उपयोग करने पर यातायात पुलिस सिवनी द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जावेगी।



# सौ वर्ष पुराना आम का वृक्ष गिरा, मार्ग हुआ अवरुद्ध...

सोनखार (प्रदीप तिवारी)

**गत दिवस साप्ताहिक बैठकी बाजार शनिवार के दिन दोपहर बाद विधानसभा केवलारी अंतर्गत उप तहसील उगली मुख्यालय में उगली केवलारी मुख्य मार्ग पर पुलिस थाना के पीछे और पोस्ट ऑफिस के सामने विशालकाय आम का वृक्ष अचानक से गिर गया, इसके बाद दोनों तरफ से मार्ग का आवागमन कुछ देर के लिए अवरुद्ध हो गया**



जिसकी सूचना प्रत्यक्ष दर्शियों द्वारा और स्वयं समाजसेवी राजदीप रांहगडाले के द्वारा बिजली विभाग को दी जाकर सबसे पहले बिजली सप्लाई बंद की गई, बाद में थाना प्रभारी उगली को अवगत कराया गया, एवं भाजपा यूवा नेता संजय उइके ने एसडीएम को दूरभाष पर सूचना दी, एवं स्थानीय प्रशासन में सरपंचमती पुष्पलता पोचाटे को जानकारी दी जाकर स्थानीय लकड़हारों और जेसीबी की मदद से विशाल आम के वृक्ष को हटाने के बाद मार्ग में आवागमन सुचारू रूप से चालू हुआ, उगली पुलिस थाने परिसर में लगभग सैकड़ो आम के वृक्ष है, जो बहुत पुराने हो चुके हैं, इस परिसर में कई वर्ष पुराना एक विशालकाय है वटवृक्ष (बरगद) भी स्थित है, प्राचीन शिव मंदिर और
थाना परिसर में अलग-अलग वैरायटी के आम की अमराई बहुत पुरानी है,
लेकिन विगत दिवस की घटना जब घटित हुई प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार नारायण बस सर्विस जो केवलारी से बालाघाट की ओर जा रही थी पेड़ के गिरने के कुछ सेकंड पूर्व ही वहां से गुजरी थी, जिस स्थल पर घटना घटी थी वहां स्थाई दुकानदारों ने बताया कि नियमित प्रति शनिवार को यह बस जिस स्थान पर खड़ी होती है वहां पर ही वृक्ष गिरा अगर बस के ऊपर यह पेड़ गिरता तो जनहानि भी हो सकती थी, डाक विभाग कार्यालय में कार्यालय लगभग दर्जनों कर्मचारियों के दो पहिया वाहन जो ग्राम के मनोज गुप्ता के निवास पर संचालित होता है,पर निर्मित तीन सेट पर दब गए स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें सुरक्षित किया गया.
विगत बीते सप्ताह में यदि देखा जाए तो पूरे सिवनी जिले व आसपास के क्षेत्र में जबरदस्त बारिश का कहर देखने को मिल रहा है, नदी नाली तूफान पर है जिसकी वजह से भी विकास दिवस की उगली बालाघाट का संपर्क टूट गया था. दो दिवस पूर्व उगली से सारसडोल मार्ग पर भी एक वृक्ष के गिरने से लगभग 24 घंटे मार्ग बाधित रहा इसी प्रकार की केवलारी उगली बंजारी के समीप भी आए दिन वृक्षों के गिरने से मार्ग अवरुद्ध रहता है, जिसमें स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने के बाद पेड़ों को हटाकर मार्ग चालू किया जाता है.

**इनका कहना है.**

मेरे घर के सामने इस वृक्ष की गिरने से मेरे घर में निर्मित टीन सड में छता हुई है, किसी प्रकार की कोई दुर्घटना तो नहीं लेकिन टीन सेड टूट गया है. यह प्राकृतिक आपदा ही है,
अतः इन्हें शासन की तरफ से कुछ मुआवजा राशि दी जानी चाहिए।
**ग्रामीण मनोज गुप्ता**

# उपचुनाव सुभाष वार्ड कांग्रेस पार्टी पार्षद प्रत्याशी श्रीमती आरती पीयूष शाह के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी ने घर-घर पंहुचकर जनसंपर्क किया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।**

नगरपालिका उपचुनाव सुभाष वार्ड कांग्रेस पार्टी पार्षद प्रत्याशी श्रीमती आरती पीयूष शाह के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, केवलारी विधायक ठा. रजनीशसिंह, की उपस्थिति में बडी संख्या में कांग्रेस जनों द्वारा प्रचार के आखरी दिन सुभाष वार्ड के सम्मानीय मतदाता बन्धुओं के बीच घर-घर पंहुचकर जनसर्म्पक किया, 7 जुलाई को होने वाले पार्षद चुनाव में सुभाष वार्ड के मतदाताओं से वार्ड के समुचित विकास के वास्ते कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती आरती पीयूष शाह का वोट देने की अपील की। कांग्रेस प्रवक्ता दादू निखिलेन्द्रनाथ सिंह ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि श्रीमती आरती शाह कर्मठ, जुझारू, उर्जावान है वे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ का हिस्सा लेती है इन्हें वार्ड वासियों का भरपूर स्नेह, सहयोग और आर्शीवाद मिल रहा है। जनसर्म्पक रैली में छिद्दीलाल श्रीवास मासाब, प्रसन्नचंद मालू, पवन दिवाकर, अतुलचंद मालू, श्रवण अग्रवाल, सुधीर जैन, विष्णु करोसिया, भुवनेश्वर शुक्ला, घनश्याम सनोडिया, देवीसिंह चौहान, योगेन्द्र सोनी, सुरेन्द्र करोसिया, सुजीत नाहटा, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती स्वाती सिंह, श्रीमती प्रकृति भिडे, श्रीमती अर्चना त्रिवेदी, श्रीमती मोना सक्सेना, श्रीमती पूर्णिमा यादव, श्रीमती रचना, श्रीमती सोनाली सक्सेना, एड़ दादू निखिलेन्द्रनासिंह, सुनील अग्रवाल, मदन सक्सेना, गेंदलाल भलावी, एड़ अवि यादव, एड़ शैलेन्द्र सक्सेना, संजय बघेल, मुकेश चीकू सक्सेना, जितेन्द्र सनोडिया, राजकुमार चंकी पांडे, राजेश मानाठाकुर, सुमित मिश्रा, देवधर सक्सेना, विपिन यादव, एड़ योगेश ब्यौहार, एड़ राजेन्द्र सिसोदिया, नन्दू यादव, नरेन्द्र मिश्रा, ठा. जयप्रकाशसिंह परिहार, सुशील सोनकेशरिया, धनंजय सिंह, आदित्य मोन्टू भूरा, मनीष अग्रवाल, शीतल नामदेव, उमंग शर्मा, साकेत नेमा, अभिषेक तिवारी, नरेश नामदेव सहित बडी संख्या में सुभाष वार्ड के नागरिकों सहित कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।



### मतदान दिवस के लिए नगर पालिका सिवनी के वार्ड क्रमांक 11 के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित

**सिवनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी एल चनाप ने नगरीय निकायों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध) हेतु म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के पत्र क्रमांक- एफ-53NN-01/2025/पांच/-01/2025/पांच/491 भोपाल दिनांक 13/06/2025 के पालन में नगर पालिका परिषद सिवनी के वार्ड क्रमांक 11 में निवास करने वाले शासकीय/अर्द्ध शासकीय/शासकीय निगमों के कर्मचारियों/अधिकारियों को सामान्य अवकाश तथा ३पराक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रमेन्ट्स एक्ट) 1881 (1881 का क्रमांक 26) की धारा-25 के अंतर्गत मतदान दिनांक 07/07/2025 (दिन सोमवार) को सिवनी जिले के नगर पालिका परिषद सिवनी के वार्ड क्रमांक 11 के क्षेत्र जहाँ निर्वाचन होना है में एक दिन का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

# भाजपा ने सुभाष वार्ड उपचुनाव में अपने प्रत्याशी के समर्थन में किया जनसंपर्क

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।**

सिवनी नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 11 सुभाष वार्ड में चल रहे उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती निधि मोंटो दुबे के समर्थन में शनिवार को भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन के नेतृत्व में वार्ड में सघन जनसंपर्क किया । भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन के साथ सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने वार्ड में आजजनों से चर्चा कर भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की ।
भाजपा के नेताओं ने वार्ड ने जनसंपर्क रैली आयोजित कर भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील करते हुये 07 जुलाई को पहले मतदान फिर जलपान का आग्रह किया । जनसंपर्क रैली का समापन जय अंबे चौक में किया । आयोजित जनसंपर्क रैली में पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, सुजीत जैन, प्रेम तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अग्रवाल, प्रदीप राय, आनंद शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर, संतोष नगपुरे, विनोद सोनी, पंडित रमेश तिवारी, सिवनी नगर मंडल अध्यक्ष द्वय अभिषेक दुबे, संजय सोनी, नरेन्द्र ठाकुर, अजय बाबा पांडेय अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, विनोद सोनी जी, संजू मिश्रा, मनोज नामदेव, अखिलेश खेडीकर,रविशंकर भांगरे, संजय भलावी,विजय गोलू मिश्रा, राजू यादव पार्षद, श्रीमती पटवा पार्षद, किशोर सोनी , राजेश त्रिवेदी, पार्वती जंघेला, निर्मला ठाकुर, कविता शर्मा, अराधना चौरसिया, नीतू दुबे , अजय त्रिवेदी, डा. अभिजीत चौहान, रामलाल राय, मुनिया टांक, निरंजन मिश्रा, संजय खंडाईत, दुर्गेश सोनी, वंदना बैस, पापे चौरसिया, अभिनव अग्रवाल, मोंटू दुबे, पप्पू साहू,रूपेश मिश्रा, नितिन भार्गव, गोलू शर्मा, रिषभ चौरसिया, सहित बड़ी संख्या मे भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकत्रा उपस्थित रहे ।

# वार्ड क्रमांक-11 में आज होगा मतदान, मतदान दल हुआ रवाना

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।**

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार नगरपालिका परिषद सिवनी के वार्ड क्रमांक-11 के पार्षद पद के लिए सोमवार 7 जुलाई को प्रातः 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक 03 मतदान केन्द्रों में मतदान संपन्न होगा। मतदान केन्द्र क्रमांक 56 नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्याल कक्ष क्रमांक-1 में 685, मतदान केन्द्र क्रमांक-57 नेताजी सुभाष चंद्र बोस कक्ष क्रमांक-2 में 739 तथा मतदान केन्द्र क्रमांक-58 नेताजी सुभाष चंद्र बोस अतिरिक्त कक्ष में 522 मतदाता इस प्रकार कुल 1946 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।



**मतदान दल हुआ रवाना**
सुव्यवस्थित रूप से मतदान सम्पन्न कराने के लिए रविवार 6 जुलाई को मतदान दल अपने नियत केंद्र के लिए मतदान सामग्री के साथ रवाना हुआ। इस अवसर पर प्रेक्षक श्री पी के वर्मा के अतिरिक्त अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# स्वच्छता पर्व के रूप में मनाया गया जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** म.प्र.जन अभियान परिषद के तत्वाधान में आज परिषद के 29 वें स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय क्षेत्रीय ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र बींझावाडा के सभाकक्ष में स्वैच्छिकता पर्व के रूप मे मनाया गया ।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुत जैन,स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक सुनील मालू,जलवन मिशन के धर्मेन्द्र मिश्रा,प्रशिक्षण संस्थान के विनोद सिंह, रविन्द्र पाल एवं म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।
कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुत जैन ने अपने संबोधन में परिषद के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जन अभियान परिषद संपूर्ण म.प्र.में स्वैच्छिक प्रयासों का एक साझा मंच है। जिससे जुडे असंख्य कार्यकर्ता प्रदेश के विकास में सकारात्मक गतिविधियों में सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहते है। और इसके सार्थक परिणाम भी प्राप्त हुए है। उन्होने उपस्थित



# वर्षा ऋतु में वाहन संचालन के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका को लेकर एडवाइजरी जारी

### बारिश में अपने वाहन की हेडलाइट्स को चालू रखें ताकि दृश्यता बनी रहे

**सिवनी।** अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिवनी द्वारा वर्षा ऋतु में वाहन संचालन के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका के मद्देनजर रोकथाम एवं बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिवनी द्वारा जारी एडवाइजरी अनुसार जलमग्न पुल-पुलियों या रपटों पर किसी भी स्थिति में वाहन न चलाये जाए, वाहनों की तकनीकी फिटनेस की पूर्व जांच कर उन्हें ही संचालन मे लाएं, वाहनों में ओवरलोडिंग पूर्णतः वर्जित रहेगी।

कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एस.एस.(गणित, भैतिक.रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईप्रक्रिया)
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

# सागर मोहली के सरपंच ने दबंगई दिखाकर किया फसल नष्ट, चलाया ट्रैक्टर

**छपारा -** सिवनी जिला के छपारा थाना क्षेत्र के ग्राम सागर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक किसान ने ग्राम पंचायत मोहली के सरपंच नंदलाल अहाके पर अपनी फसल बर्बाद करने और जमीन हड़पने की कोशिश का गंभीर आरोप केशरी टेकाम ने लगाया है। इस संबंध में पीड़ित किसान केशरीलाल तेकाम ने क्षेत्रीय पुलिस चौकी भीमगढ़ में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायत की गई है।
जानकारी के अनुसार, किसान केशरीलाल तेकाम ने ग्राम सागर में स्थित 2.5 एकड़ भूमि, जो सर्वे क्रमांक 53 और 26 पर स्थित है और जिसकी भू-स्वामी बुधनबाई अहाके (जो सरपंच नंदलाल अहाके की बड़ी माँ हैं), को 24 मई 2024 को 3 साल के लिए ठेके पर लिया था। जिसका विधिवत स्टांप पेपर में एग्रीमेंट भी हुआ है, केशरीलाल ने आरोप लगाया है कि उन्होंने विगत 21 दिसंबर 2024 को अपनी बोई गई गेहूं की फसल पर सरपंच नंदलाल अहाके को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट करते देखा। इसके बाद उन्होंने 17 जून 2025 को उसी भूमि पर धान की फसल बोई, जिसे 21 जून 2025 को सरपंच ने रात में ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया और अपनी धान की बुवाई कर दी।
केशरीलाल तेकाम का आरोप है कि सरपंच नंदलाल अहाके उनकी जमीन हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। पीड़ित किसान ने सरपंच के खिलाफ उचित जांच, नुकसान की भरपाई और दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में क्षेत्रीय पुलिस चौकी भीमगढ़ में 2 जुलाई 2025 को एक लिखित शिकायत दर्ज की गई है। इसके साथ ही एक अन्य शिकायत पुलिस अधीक्षक के नाम भी दी गई है, जिसमें पुलिस चौकी प्रभारी मुरलीधर पटेल से उचित जांच कर नुकसान की भरपाई और दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई है।

हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-ड इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्केन,डायलिसिस, पैथोलॉजी सभी प्रकार की जाँच सुविधा।
जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

**खबर संक्षेप**

## रट्टापायली के सहायक शिक्षक को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**किरनापुर।** शासकीय प्राथमिक शाला रट्टापायली में पदस्थ सहायक शिक्षक लालचंद गाड़ेश्वर प्रभारी प्रधान पाठक पर अपनी पूर्ण सेवाएं देने के बाद 30 जून 2025 को समस्त शिक्षक सरपंच एवं पंच गण ग्राम पंचायत बुढ़ी के स्कूली बच्चों एवं परिवार के सदस्यों एवं रिश्तेदारों की उपस्थिति में यह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। तथा वहीं निज निवास ग्राम शारद में श्याम 5:00बजे रिटायर्ड पार्टी का आयोजन भी किया गया। उन्होंने बताया कि 17 जून 1963 को प्रारंभिक शिक्षा ग्राम अमेड़ा में पहली नियुक्ति, 1984 में शासकी ए प्राथमिक शाला पाथरवाड़ा 19 94 में शासकीय प्राथमिक शाला बुढ़ी में स्थानांतरण के पश्चात माध्यमिक शाला मराठा बुढ़ी में भी अपने सेवाए दी। इसके पश्चात 2015 से शासकीय प्राथमिक शाला रट्टापायली में अपनी सेवा देने के बाद आज सेवानिवृत हुई।

## बजरंग दल ने अस्पताल में मरीजों को किया फल वितरण

**वारासिवनी।** बजरंग दल प्रखंड वारासिवनी द्वारा एक जुलाई से सेवा सप्ताह मनाया जा रहा हैं। जिसके तहत वारासिवनी प्रखंड द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। उक्ताशय की जानकारी देते हुए वारासिवनी प्रखंड अध्यक्ष श्याम बोकड़े ने बताया कि बजरंग दल सदस्यों ने स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें फल वितरित करने के साथ ही ग्राम पंचायत सिकंद्रा के पंचायत भवन, भगवान परशुराम भवन प्रांगण एवं शंकर तालाब की मेढ़ पर वृहद पौधारोपण कर इन पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया।

### मामला माया उइके द्वारा पुलिस थाने में दो अलग-अलग जातियों का प्रमाण पत्र पेश करने का

# जनपद अध्यक्ष माया उइके के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करने जनपद सदस्य जीतू राजपूत ने दिया थाने में आवेदन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी की अध्यक्ष माया दिनेश उइके और जनपद सदस्य जितेन्द्र सिंह जीतू राजपूत का विवाद अब एक नये मोड़ पर पहुँच गया हैं। जनपद अध्यक्ष माया दिनेश उइके द्वारा जितेन्द्र सिंह राजपूत के खिलाफ पुलिस थाना वारासिवनी में दर्ज करवाई गई रिपोर्ट में अपनी जाति से संबंधित दो प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने से अब वह स्वयं संदेह के घेरे में आ गई है। जनपद अध्यक्ष माया उइके द्वारा प्रस्तुत दो अलग-अलग जाति प्रमाण पत्रों को आधार बनाते हुए जनपद सदस्य जितेन्द्र सिंह राजपूत ने 4 जुलाई 25 को एक आवेदन पुलिस थाना वारासिवनी में देते हुए उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318, 338, 336 के तहत धोखाधड़ी एवं कूटरचित





दस्तावेजों का निर्माण कर उनका उपयोग करके लाभ अर्जित करने के आधार पर अपराध पंजीबद्ध करने का अनुरोध किया गया हैं।

### जितेन्द्र राजपूत के खिलाफ शिकायत के दौरान एससी का दिया था प्रमाण पत्र

विदित हो कि जनपद अध्यक्ष माया दिनेश उइके द्वारा एक घटना के आधार पर 5 नवम्बर 2024 को पुलिस थाना वारासिवनी में जनपद सदस्य जितेन्द्र सिंह राजपूत के खिलाफ एक रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। जिसमें उन्होंने जितेन्द्र राजपूत के खिलाफ एसटीएससी का प्रकरण दर्ज करवाने के लिए कलेक्टर नागपूर का आदिवासी का जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था। जिसके आधार पर पुलिस ने जितेन्द्र सिंह राजपूत के खिलाफ अपराध क्रमांक 352/2024 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया था।

### दो जाति प्रमाण पत्र पेश की थाने में माया उइके ने

लेकिन जब प्रमाण पत्र की जॉच हुई, तो वह अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र पाया गया। जिसके बाद जनपद अध्यक्ष माया उइके ने एक और दूसरा जाति प्रमाण पत्र एसडीएम नागपूर का अनुसूचित जनजाति वर्ग का पेश किया। जनपद अध्यक्ष माया उइके द्वारा पेश किए गए दोनों जाति प्रमाण पत्रों की जॉच में यह पाया गया कि वह दोनों प्रमाण पत्र सिर्फ महाराष्ट्र के लिए ही लागू होते हैं। पुलिस अधीक्षक बालाघाट कार्यालय द्वारा दोनो प्रमाण पत्रों की विस्तृत जॉच के बाद जितेन्द्र सिंह राजपूत के ऊपर लगाई गई अनुसूचित जनजाति की धाराएँ हटा दी गई। वहीं जिला अभियोजन अधिकारी ने भी अपना अभिमत देते हुए बताया गया कि माया उइके द्वारा दो अलग-अलग वर्ग के प्रमाण पत्र कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर तैयार कर धोखाधड़ी की गई है।

एस पी कार्यालय व जिला अभियोजन अधिकारी की रिपोर्ट को बनाया शिकायत का आधार

पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालाघाट की इस रिपोर्ट को ही आधार बनाते हुए जनपद सदस्य जितेन्द्र सिंह राजपूत ने अब एक शिकायत पुलिस थाना वारासिवनी में करते हुए उसकी प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक बालाघाट, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस वारासिवनी को देते हुए माया उइके के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर शासन के साथ धोखाधड़ी करने का प्रकरण पंजीबद्ध करने की मॉग की है। अब देखना यह हैं कि पुलिस विभाग इस शिकायत पर क्या कार्यवाही करता है?



# सिरका नाले में बहा व्यक्ति, तीन घंटे बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है। भू-अभिलेख के मुताबिक 6 जुलाई तक जिले में 216 मिलीमीटर (8.5 इंच) बारिश दर्ज की गई है। लगातार बारिश से जिले के नदी-नाले उफान पर है। जल संसाधन विभाग के मुताबिक वैनगंगा नदी का जलस्तर 12 फीट तक पहुंच गया है।

किरनापुर थाना क्षेत्र के किन्ही चौकी के अंतर्गत सिरका नाले में एक व्यक्ति बह गया। डीआरसी की बचाव टीम ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद कोदोबर्रा निवासी जहरू सिंह सैयाम (52) का शव बरामद किया। जहरू सिंह अपने भाई कृपाल सिंह के साथ खेत से लौटते समय नाला पार करते वक्त बह गए थे।

बालाघाट एसडीएम गोपाल सोनी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। इसके तहत राजस्व अनुविभाग के अंतर्गत नदी, नाला, तालाब और झरनों में लोगों के जाने पर रोक लगाई गई है। आदेश का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# डोकरबंदी ,गोंडेगांव, लवादा में रागी बीज मिनी किट का वितरण

### कृषि विस्तार अधिकारी आंचल खोबरागड़े ने खेत रोपा लगाकर बताया किसानों को रोपा लगाने तकनीक

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्य प्रदेश शासन की मंशा अनुसार रागी फसल उत्पादन के लिए कृषकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है और उन्हें निःशुल्क बीज वितरण किया जा रहा है । उपसंचालक कृषि फूलसिंह मालवीय के निर्देशानुसार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लालबर्रा के मार्गदर्शन में कृषि विस्तार अधिकारी आंचल खोबरागड़े द्वारा 4 जुलाई को डोकरबंदी, गोंडेगांव एवं लवादा ग्राम पंचायत में रागी बीज मिनीकिट का वितरण किया गया ।ग्राम पंचायत लवादा में सरपंच श्रीमती नितेश्वरी रहांगडाले, उप सरपंच अशोक मर्सकोले, कृषक ओम नारायण रहांगडाले सचिव व अन्य कृषकों को निःशुल्क रागी बीज मिनीकिट कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा वितरण किया गया। गोंडेगाव में श्रीमती बेलाबाई हरिनखेड़े एवं रविंद्र हरिनखेड़े तथा अन्य कृषकों को रागी बीज मिनीकिट का वितरण किया गया।



ग्राम पंचायत डोकरबंदी के कृषक श्रीमती धनेश्वरी गौतम के खेत में पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन द्वारा धान की रोपाई का कार्य कृषि विस्तार अधिकारी आंचल खोबरागड़े के समक्ष किया गया । श्रीमती गौतम के खेत में कृषि विस्तार अधिकारी आंचल खोबरागड़े द्वारा धान का रोपा लगाकर किसानों को रोपा लगाने की तकनीक समझाई गई और बताया गया कि पौधों के बीच एक निश्चित दूरी बनाए रखें। यह क्षेत्र में अनोखी पहल है कि कृषि विस्तार अधिकारी ने महिलाओं के साथ धान का रोपा लगाकर बताया। इस दौरान खेतों में कार्य कर रहे कृषकों का पंजीयन भी किया गया और सभी किसान को समझाईश दी गई कि अपना पंजीयन जरूर करवाएं।

### 20 घंटों से बन रही जाम की स्थिति, राहगीर हो रहे परेशान

# कोयलारी पुलिया को बेकाबू ट्रक ने मारी टक्कर

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटेधरा से खवासा मुख्य सड़क मार्ग पर तिरोड़ी तहसील के ग्राम कोयलारी में एक बेकाबू ट्रक ने कोयलारी पुलिया को टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया है. ट्रक का सामने वाला हिस्सा पुलिया में जा घुसा और ट्रक का आधा से अधिक हिस्सा सड़क पर रह गया. जिससे इस मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो हुआ. सड़क हादसे की घटना शनिवार की रात्रि करीब 09 बजे के बाद की है. इस हादसे के बाद से करीब 20 घंटों तक इस मार्ग पर पुल के पास बार-बार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है. ट्रक, यात्री बस सहित अन्य बड़े वाहनों को पुलिया के पास से गुजरने में दिक्कतें हो रही है. रविवार को भी जब तक ट्रक को सड़क से नहीं हटा लिया गया तब तक कई बार जाम की स्थिति निर्मित हुई. मिली जानकारी अनुसार ट्रक पिंडरई



से चिल्ली यानी गिट्टी का चूरा लेकर तिरोड़ी की तरफ जा रहा था. ट्रक के चालक ने अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन कर रखा था जिस कारण वह हादसा होने का अनुमान है. हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार होने की फिराक में था लेकिन ग्रामीणों ने उसे भागने नहीं दिया।

बता दें कि कोयलारी पुलिया का स्ट्रक्चर बेहद खतरनाक है यहां पर आए दिन हादसे होते रहते है. दरअसल, राजीव सागर बांध की नहर यहां सड़क को बीच से काटते हुए निकल रही है. जिस पर पुलिया का निर्माण हुआ है. नए राहगीरों और वाहन चालकों को पुलिया का स्ट्रक्चर कई बार समझ नहीं आता और अगर वाहन की रफ्तार तेज हो तो यहां हादसा होना कोई नई बात भी नहीं है. आए दिन कोयलारी पुलिया में हादसे होते ही रहते है. इस समस्या से निपटने के लिए ग्रामीण लगातार सड़क पर फ्लाई ओवर निर्माण करवाने की मांग करते रहे है जब कटेधरा से खवासा सड़क का निर्माण हो रहा था तब भी ग्रामीणों ने पुरजोर तरीके से फ्लाई ओवर के निर्माण की आवाज उठाई थी लेकिन जनप्रतिनिधियों के ध्यान ना देने की वजह से ग्रामीणों की यह आवाज दब गई।

### हज़रत हक्कू शाह बाबा के वार्षिक उर्स पर चादर पेश कर मुल्क की सलामती की दुआ की गई

# आस्ताना वारिस पाक में मोहर्रम पर्व के अंतर्गत "यादें हुसैन" कार्यक्रम का भव्य आयोजन सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला मुख्यालय बालाघाट से लगभग दस किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा में स्थित ग्राम लिंगा लोहरा की ऐतिहासिक और सूफियाना पहचान रखने वाली पहाड़ी पर बने आस्ताना वारिस पाक में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मोहर्रम पर्व के अवसर पर तीन दिवसीय ''यादें हुसैन'' कार्यक्रम का आयोजन पूरी धार्मिक आस्था, इस्लामी परंपराओं, मजहबी रिवायतों और गंगा-जमुनी तहज़ीब के प्रतीक स्वरूप साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ सम्पन्न हुआ। इस आयोजन की अगुवाई आस्ताना के प्रमुख व सज्जादा नशीन हज़रत आज़ाद शाह वारिस ने की।

मोहर्रम का महीना इस्लामी कैलेंडर का प्रथम महीना होता है, जिसे शहादत, सब्र, बलिदान और हक़ की लड़ाई का प्रतीक माना जाता है। इसी क्रम में लिंगा लोहरा स्थित आस्ताने में भी तीन दिनों तक इमाम हुसैन और करबला के शहीदों को याद करते हुए मजलिसें आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत मिलाद शरीफ से हुई, जिसमें नात-ए-पाक और मनकबत के माध्यम से नबी-ए-पाक हज़रत मोहम्मद (स.अ.) और उनके नवासे इमाम हुसैन की शान में अशआर पेश किए गए।



तकरीर (वक्तृत्व) के दौरान इस्लामी विद्वानों एवं आमिल हज़रात ने करबला के वाक्यात बयान किए, जिसमें इमाम हुसैन और उनके 72 जानिसार साथियों की शहादत की मिसालें प्रस्तुत की गईं। करबला की जंग को केवल युद्ध नहीं, बल्कि हक़ और बातिल (सत्य और असत्य) के बीच संघर्ष बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि इमाम हुसैन ने अपने प्राणों की आहुति देकर इंसानियत, न्याय और सत्य के लिए एक अमर उदाहरण प्रस्तुत किया, जो आज भी हर धर्म और मजहब के लोगों को प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम के दौरान आस्ताने में बड़ी संख्या में अकीदतमंद, ग्रामीणजन और शहर से आए हुए श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन के दौरान सभी के लिए शरबत और लंगर की सेवा दिनभर निरंतर चलती रही, जिसमें हर वर्ग और सम्प्रदाय के लोगों ने भाग लिया। यह आयोजन केवल एक मजहबी रस्म न होकर सामाजिक समरसता और इंसानियत के पैगाम का भी जीवंत उदाहरण रहा।

## डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत उकवा और रुपझर में जल स्रोतों का किया गया क्लोरिनेशन

**बालाघाट।** वर्षा ऋतु के दिनों में आम जन को जल जनित बीमारियों के संक्रमण से बचाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में जल स्रोतों के क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में 06 जुलाई को परसवाड़ा विकासखंड के ग्राम उकवा एवं रुपझर मे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा हैंडपंपों का क्लोरिनेशन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को सलाह दी गई कि जल स्रोतों के आसपास गंदगी ना होने दें और स्वच्छता बनाए रखें। दूषित जल के सेवन से डायरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियां फैलती हैं।

### लांजी साप्ताहिक बाजार में 5600 रु.की 1.50 क्विं.मछलियां जब्त

# प्रतिबंध के बावजूद लगातार बाजार पहुंच रही मछलियां

हरिभूमि न्यूज लांजी।

शासन के निर्देश के बावजूद मछलियों को पकडऩे और बेचने का काम जारी है। हर साल 15 जून से 15 अगस्त तक मछली मारने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। इसके बाद भी मछवारे खुलेआम मछलियां बेच रहे हैं।



कलेक्टर मृणाल मीणा द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों का प्रजनन काल होने से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि के लिए मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगाया गया है। मत्स्योद्योग विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिबंधित अवधि में अवैध रूप से मछलियों का विक्रय करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है । इसी कड़ी में सहायक मत्स्योद्योग अधिकारी श्रीमती मीना कोकोटे के नेतृत्व में मछली विभाग की टीम ने 6 जुलाई को लांजी के साप्ताहिक बाजार में छापामार कार्यवाही कर अवैध रूप से बेची जा रही 1.50 क्विंटल मेजर कार्प मछलियां जब्त की है। जब्त की गई मछलियों की नीलामी से प्राप्त 5600 रुपये की राशि चालान द्वारा शासन के खाते में जमा कराई जा रही है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे मछली की बिक्री पर लगी रोक का पालन करें और अवैध रूप से मछली बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही में सहयोग करें। इस कार्यवाही से यह स्पष्ट होता है कि मत्स्योद्योग विभाग मछली की अवैध बिक्री को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने से पीछे नहीं हटेगा। आज की कार्यवाही में दल प्रभारी सहायक मत्स्य अधिकारी श्रीमती मीना कोकोटे, मत्स्य निरीक्षक वैशाली मेश्राम, राजकुमार सिंह, मनोहर पंचेश्वर, प्रवीण मानकर शामिल थे।

### निर्वाण मतलब दुख से मुक्ति-एम.डी.सरोदे गुरूजी

# समता मूलक समाज निर्माण का क्रम निरंतर जारी: ढेंगरे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च धार्मिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के माध्यम से शिलवान समता मूल समाज निर्माण का कार्य 24 प्रकार के धम्म प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन कर किया जा रहा है। जिसमें 5 जुलाई को लांजी मुख्यालय के बुद्ध विहार में प्रमोद भिमटे तहसील अयक्ष की अध्यक्षता में, एम.डी.सरोदे गुरूजी केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग उप प्रमुख मुंबई के मुख्यातिथ्य में, बी.एम. कांबले राष्टीय सचिव मुंबई, डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य शाखा दक्षिण के प्रमुख आतिथ्य में, राजकपुर कामडे प्रदेश सचिव कार्याल, खुशीयाल मेश्राम जिला उपाध्यक्ष, के.के.भालाधरे जिला सचिव, शशी बौद्ध मेडम, धर्मशील मेश्राम मेडम, प्रज्ञा महिला मंडल, एम.के.बौद्ध पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं तहसील विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारियों की उपस्थिति में यह शिविर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षक





सरोदे गुरूजी ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि निर्वाण अर्थात दुख से मुक्ति। शिविर के उदघाटन करते हुये डॉ. चरनदास ढेंगरे जी ने बताया कि समाज को शीलवान बनान एवं समता मूलक समाज का निर्माण करने का कार्य संस्था के द्वारा निरंतर किया जा रहा है। इस अवसर पर तहसील, विभिन्न क्षेत्र के सर्कल व ग्राम एवं अन्य शाखा ओ से भारी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्राम जैतपुरी में लगाया गया जन समस्या निवारण शिविर

### बैगा किसानों को रागी बीज मिनीकिट का वितरण किया गया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

05 जुलाई 2025 को बैहर विकासखंड के नक्सल प्रभावित एवं दूरस्थ क्षेत्र के ग्राम जैतपुरी में जन कल्याण समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बालाघाट रेंज के पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार, कलेक्टर मृणाल मीणा, बैहर एसडीएम अर्पित गुप्ता, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि गुड्डा मरकाम, सुश्री सोनाली कुशराम एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

शिविर में अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और उन्हें शासन की योजनाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान ग्रामीणों को अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को सर्पदंश से बचाव के उपाय बताए गए और सलाह दी गई कि सांप के काटने पर झाड़-फूंक व पंडा पुजारी के चक्कर में कतई ना रहें । सांप काटने पर मरीज को तत्काल अपने पास के अस्पताल पहुंचाने का काम करें। सांप के काटने पर एंटी स्नेक वेनम से ही मरीज की जान बचाई जा सकती है।



ग्राम जैतपुरी में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकलसेल की जांच के लिए 63 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। 49 मरीजों की मलेरिया जांच की गई, 13 मरीज के नेत्र जांच की गई, 26 की एचआईवी जांच की गई, 27 लोगों की शुगर जांच की गई तथा बुखार के 49 मरीजों का उपचार किया गया । इस शिविर में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की 6 प्रकरण, लाडली लक्ष्मी योजना के 03 प्रकरण, सुकन्या समृद्धि योजना के 02, पेंशन स्वीकृति के 03, समग्र परिवार विभाजन के 12 तथा राशन पर्ची के 10 प्रकरणों का निराकरण किया गया । इस शिविर में जाति प्रमाण पत्र तैयार करने के 07, बीपीएल सूची में नाम जोड़ने के 02, विवाह व जन्म मृत्यु पंजीयन के 02, वन अधिकार पट्टा के 73, आहार अनुदान के 04 आवेदन प्राप्त हुए । इस शिविर में 09 हितग्राहियों की समग्र ई-केवाईसी की गई । ग्राम जैतपुरी में आयोजित इस शिविर में धीरी, मोहरई एवं समरिया के 643 ग्रामीण शामिल हुए और इसका लाभ उठाया।

## आम सूचना

विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अन्तर्गत विशेष/अर्न्तजातीय विवाह हेतु आवेदकगण रविकांत गोंडाने उम्र 30 वर्ष पिता श्री लक्ष्मीचन्द गोंडाने जाति महार निवासी ग्राम गर्राटोला पोस्ट गर्रा थाना व तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट (म.प्र.) एवं आवेदिका लीना अशोकराव (विधवा) आयु 31 वर्ष पिता श्री अशोकराव जाति कुनबी निवासी गरबा मैदान के पास आदर्श नगर नागपुर बजाजगंज नागपुर (महाराष्ट्र) ने उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें विशेष विवाह हेतु सुनवाई दिनांक 18/07/2025 को नियत की गई है। अतः उक्त विवाह के सबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह सुनवाई दिनांक 18/07/2025 तक न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बालाघाट के समक्ष न्यायालयीन समय प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी
जिला बालाघाट(म.प्र.)

### बालाघाट तहसील में सबसे अधिक 339 मि.मी. एवं खैरलांजी तहसील में सबसे कम 63 मि.मी. वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 06 जुलाई 2025 तक 216 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 184 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 06 जुलाई को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 05 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है।इस प्रकार जिले में चालू वर्षा सत्र में अब तक कुल 216 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।


सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) ABM
PARAMEDICAL BPT | BMLT BHN | DMLT | DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA | MCA B.SC. | M.SC. DCA | PGDCA
COMMERCE • B.Com • M.Com
NURSING GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111